रोवस रेंजर सत्र **2022 - 23** की आख्या

रोवस रेंजर्स एक ऐसी गतिविधि है, जो विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में सहायक है। इस संगठन का सिद्धांत वाक्य सेवा है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सेवा कार्य में प्रशिक्षित करने हेतु ही रोवर रेंजर इकाई का गठन किया गया है, जिसका उद्देश्य मानसिक व शारीरिक रूप से योग्य नागरिकों का निर्माण करना है। आख्यागत वर्ष में रोवर रेंजर इकाई द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका विवरण इस प्रकार है। रोवस रेंजर गतिविधियों के अंतर्गत 15 जुलाई 2022 को पर्यावरण दिवस हरेला पर्व पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर के के पांडे सर द्वारा की गई। उन्होंने लोक पर्व हरेला का महत्व बताते हुए उसके पर्यावरण महत्व पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं द्वारा हरेला पर्व की पूर्व संध्या पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में कुमारी बिंदु प्रथम, सच्चिदानंद द्वितीय, उर्मिला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इस कार्यक्रम में प्रोफेसर ए०के० पालीवाल, प्रोफेसर हरीश चंद्र, डॉ पीएन तिवारी, डॉ मनीषा तिवारी , डॉ पी०सी० सुयाल एवं रोवर्स प्रभारी डॉ विवेकानंद पाठक आदि उपस्थित रहे।

दिनांक 27 जुलाई 2022 को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रोवस रेंजर्स व एन०सी०सी० के संयुक्त तत्वाधान में भाषण व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर के० के० पांडे सर द्वारा की गई। मुख्य अतिथि श्री गुरलाल सिंह रहे। भाषण प्रतियोगिता में कुल 8 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुमारी बिंदु प्रथम, खुशबू वर्मा द्वितीय, सच्चिदानंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में कुल 10 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें आकांक्षा ठाकुर प्रथम, पायल दानू द्वितीय, कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन धन्यवाद ज्ञापन रोवर्स प्रभारी डॉ0 विवेकानंद पाठक द्वारा दिया गया।

दिनांक 4 अगस्त 2022 को रोवर्स रेंजर्स विभाग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव, घर-घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के बी०बी०ए० सभागार में

किया गया। इस अवसर पर भाषण एवं देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोवर्स प्रभारी डॉक्टर विवेकानंद पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर ए०के० पालीवाल, प्रोफेसर सर्वजीत सिंह, डॉ मनोज पांडे, डॉ निर्मला जोशी, डॉ रूमा शाह आदि उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता में कुल 6 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुमारी अंकिता ने प्रथम स्थान, कुमारी बिंदु ने द्वितीय व आकांक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में नसरुम ने प्रथम स्थान, विक्रम सिंह नेगी ने द्वितीय स्थान व कुमारी बिंदु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय की रोवर रेंजर इकाई द्वारा दिनांक 1 दिसंबर 2022 को विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर के०के० पांडे सर द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रोफेसर सर्वजीत सिंह, प्रोफेसर शंभू दत्त पांडे, रेंजर्स प्रभारी डॉ दीपमाला, रोवर्स प्रभारी डॉ विवेकानंद पाठक आदि उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में रोवर्स रेंजर्स के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में कुल 6 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें अकसा अंजुम ने प्रथम स्थान, कुमारी बिंदु ने द्वितीय स्थान तथा अंकिता सक्सेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में कुल 5 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें आकांक्षा ठाकुर ने प्रथम, बिंदु ने द्वितीय स्थान एवं दीया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन रेंजर्स प्रभारी डॉ दीपमाला द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन रोवर्स प्रभारी डॉ विवेकानंद पाठक द्वारा किया गया।

22 फरवरी 2023 को महाविद्यालय की रोवर्स रेंजर्स इकाई द्वारा लार्ड बेडेन पावेल का जन्मदिवस चिंतन दिवस के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस कार्यक्रम में रोवर्स रेंजर्स द्वारा पुल, मचान, आदि बनाये गए, जिसका अवलोकन प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर सर्वजीत सिंह जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर नृत्य, भाषण, गायन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

नृत्य प्रतियोगिता में कुल 6 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें कुमारी बिंदु ने प्रथम स्थान,पूर्मिला ने द्वितीय स्थान व आंचल चतुर्वेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कुल 7 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें बिंदु ने प्रथम अंजुम

व सुनील दोनों ने द्वितीय व कनुप्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिता में कुल 6 प्रतिभागियों ने भाग लिया, नशरूम ने प्रथम, गौरव ने द्वितीय व बिंदु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में कुल 7 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुमारी बिंदु ने प्रथम स्थान, गौरव ने द्वितीय व हेमंती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रोफेसर शंभू दत्त पांडे, डॉ राघवेंद्र मिश्रा, डॉक्टर चंद्रपाल, व डॉ रूमा शाह द्वारा भी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ रेंजर्स प्रभारी डॉ दीपमाला तथा रोवर्स प्रभारी डॉ विवेकानंद पाठक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

डॉ विवेकानंद पाठक
रोवर्स प्रभारी